अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

PAGE NO :III MIDDLE

एकल गायन में स्वरित तिवारी जीते

कार्यालय संवाददाता, बरेली

कार्यक्रम में प्रमाणपत्र के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

● एसआरएमएस रिद्धिमा में बाल एवं युवा महोत्सव स्वरांजलि आरंभ

अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में बाल एवं युवा महोत्सव 2026 का आरंभ शुक्रवार को एकल गायन प्रतियोगिता 'स्वरांजलि' के साथ हुआ। बरेली मंडल के 10 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में हार्टमैन कॉलेज के स्वरित तिवारी और सीनियर वर्ग में रिद्धिमा की शालिनी पांडे ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेताओं को देव मूर्ति ने पुरस्कृत किया।

रिद्धिमा के सेंटर हेड डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य बच्चों और युवाओं के समग्र विकास के साथ उन्हें ललित कलाओं से जोड़ना है। निर्णायक मंडल में डॉ. रीता शर्मा, रुचि शाह और डॉ. आशीष कुमार शामिल रहे। जूनियर वर्ग में अतिशय गोयल (द्वितीय), अर्णव त्रिवेदी और अर्णव कनौजिया (तृतीय) रहे, जबकि बख्शीश कौर और अग्रिमा को विशेष पुरस्कार मिला। सीनियर वर्ग में गीतू अरोड़ा द्वितीय और चंदन मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रभाकर गुप्ता और डॉ. शैलेश सक्सेनाउपस्थित रहे। महोत्सव के अंतर्गत आगे नृत्य, बैंड, थिएटर, चित्रकला और फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।